कार्तिक आर्यन के पीछे बाइक पर बैठने के पैसे मिल रहे हैं मुझेः सारा अली खान

बॉलिवुड में कुछ दिन पहले ही डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस सारा अली खान अपनी पहली फिल्म के रिलीज होने से पहले से ही चर्चा में हैं। उन्होंने केदारनाथ से डेब्यू किया था और उसके बाद उनकी फिल्म सिम्बा रिलीज हुई थी। सारा की यह दोनों ही फिल्में सुपरहिट रहीं। अब वह कार्तिक आर्यन के साथ इम्तियाज अली की अगली फिल्म में काम कर रही हैं। वैसे सारा अली खान अपनी फिल्मों के अलावा कार्तिक आर्यन के साथ अपने कथित अफेयर को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अक्सर इन दोनों को एक साथ देखा जाता है। कुछ दिनों पहले ही सारा अली खान लखनऊ पहुंच गई थीं जहां कार्तिक अपनी अगली फिल्म पति पत्नी और वो की शूटिंग कर रहे थे। हाल में दोनों को साथ में दिल्ली में एक फैशन शो में भी देखा गया। अब सारा का एक विडियो इंटरनेट पर सामने आया है जिसमें सारा कार्तिक आर्यन के साथ काम करने को लेकर एक दिलचस्प बयान देती नजर आ रही हैं। सारा से जब कार्तिक के साथ काम करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काम करना बहुत अच्छा लगा और सेट पर हर दिन उनके लिए मजेदार था। सारा ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात पर विश्वास नहीं होता कि उन्हें कार्तिक आर्यन के पीछे बाइक पर बैठने के पैसे मिलते हैं क्योंकि कोई भी लड़की ऐसा करने के लिए मरी जा रही होगी। वैसे सारा और कार्तिक तभी से चर्चा में आ गए थे जब करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में इसकी चर्चा सामने आई थी। इस चैट शो में जब सारा से पूछा गया कि वह किस आदमी के साथ डेट पर जाना चाहती हैं तो उन्होंने कार्तिक आर्यन का नाम ही लिया था।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

द गर्ल ऑन द ट्रेन की हिन्दी रीमेक में नजर आएंगी कीर्ति कुल्हारी

अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी को हॉलीवुड फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन की हिंदी रीमेक में काम करने के लिए अनुबंधित किया गया है. रिभु दासगुप्ता निर्देशित फिल्म में वह पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी. इसमें परिणीति चोपड़ा भी हैं.

कीर्ति ने कहा, रिभु द्वारा निर्देशित फिल्म में काम करना बेहतरीन एहसास है और वेब सीरीज बार्ड ऑफ ब्लड के बाद मैं उनके साथ दूसरी फिल्म में काम कर रही हूं. हमारे बीच अच्छे ताल्लुकात हैं. इस फिल्म में मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं. एक सूत्र के मुताबिक, कीर्ति 15 अगस्त को लंदन के लिए रवाना होंगी, जिस दिन उनकी फिल्म मिशन मंगल रिलीज हो रही हैं. महीने भर की शूटिंग शेड्यूल के लिए वह 16 अगस्त को फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ जुड़ जाएंगी.

इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा मेन लीड में नजर आएंगी. फिल्म को लेकर बीते दिनों परिणीति ने कहा था. मैं इस फिल्म की शूटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं, क्योंकि इससे पहले मैंने कभी भी ऐसा किरदार न ही निभाया है, न ही पढ़ा है. मुझे लगता है कि दर्शकों ने मुझे कभी भी इस तरह के किरदार में नहीं देखा होगा. यह किरदार मेरे व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है. एक कलाकार होने के नाते कुछ नया करने को लेकर मैं काफी खुश हूं.

इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर को रिलायंस एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करेगा, जबकि निर्देशन की कमान रीभू दासगुप्ता के हाथ में होगी. फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है. द गर्ल ऑन द ट्रेन की कहानी पाउला हॉकिन्स लिखित इसी नाम के उपन्यास की कहानी पर आधारित है.

हॉलिवुड फिल्म में ब्रिटिश जासूस बनीं राधिका आप्टे

फिल्म द वेडिंग गेस्ट से हॉलिवुड में डेब्यू कर चुकीं ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे अब अपनी अगली हॉलिवुड फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म का नाम लिबरेटः अ कॉल टू स्पाई है। हाल में इस फिल्म का प्रीमियर एडिनबर्ग फिल्म फेस्टिवल में किया गया था। लीडिया डीन पिल्चर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में राधिका नूर इनायत खान नाम के किरदार को निभाती नजर आएंगी। राधिका ने अपने किरदार के बारे में बताया कि यह एक ऐसा किरदार है जिसमें एक शांतिवादी महिला युद्ध में फंसी हुई है। इस रीयल लाइफ किरदार के बारे में राधिका ने बताया कि नूर ब्रिटेन में जन्मी और रूस में रहने वाली ऐसी महिला थीं जिनकी मां एक अमेरिकन महिला और पिता एक भारतीय मुस्लिम थे। दूसरे विश्व युद्ध के समय नूर ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर विंस्टन चर्चिल के एक खुफियादस्ते की सदस्य थीं और उन्हें फ्रांस में जासूसी करने के लिए भेजा गया था। वहां उन्हें पकड़ लिया गया था लेकिन उन्होंने खुफिया जानकारी नहीं दी थी। अंत में कैद में ही नूर की मौत हो गई थी और मरने से पहले उनका आखिरी शब्द लिबरेट था। बॉलिवुड और हॉलिवुड में अंतर पूछे जाने पर राधिका ने कहा कि हॉलिवुड के लोग ज्यादा प्रफेशनल और पंक्चुअल हैं। वह समय से शूटिंग करते हैं और पेमेंट भी समय पर किया जाता है। बताया जा रहा है कि राधिका इसके बाद एक और हॉलिवुड फिल्म साइन करने जा रही हैं।